Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to upgrade National Highway 15 into four lane.

श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई): मेरा लोकसभा क्षेत्र मंगलदोई (असम) भूटान और अरुणाचल प्रदेश के काफ़ी करीब है जिसके कारण लोकसभा क्षेत्र के राजमार्ग एन एच 15 का सामरिक, व्यवसायिक और सामान्य यातायात के दृष्टिकोण से काफ़ी महत्वपूर्ण है । बैहाटा चैराली से जमुगुड़ीहाट तक दो लेन का राजमार्ग माननीय मंत्री जी के प्रयासों से पूर्ण हो चुका है लेकिन आगे जमुगुड़ीहाट से गोहपुर- ईटानगर तक का कार्य अभी लंबित है । यदि बैहाटा चैराली से ईटानगर तक राजमार्ग 15 को 4 लेन में विकसित कर दिया जाए तो सामरिक, रणनीतिक , व्यवसायिक दृष्टिकोण से हमारी पहुंच अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती देशों विशेषकर चीन और म्यनमार तक काफ़ी आसानी से हो जाएगी । चूंकि अरुणाचल प्रदेश देश के सीमावर्ती राज्यों के दृष्टिकोण से काफ़ी महत्वपूर्ण है । मैंने पहले भी माननीय गृहमंत्री जी और माननीय केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी को भी इस संबंध में पत्र लिखा था ।

आजादी के इस अमृत महोत्सव में दशकों से लंबित असम और अरुणाचल प्रदेश की जनता की इस मांग को पूर्ण किया जाए । बैहाटा चैराली से जमूगुड़ीहाट - ईटानगर तक इस राजमार्ग 15 को पूरा 4 लेन में विकसित किया जाए इस हेतु 2022 आम बजट में इस राजमार्ग को शामिल कर वर्तमान कार्य प्रगति से मुझे अवगत कराया जाए जिससे कामरुप, दरंग, उदालगुड़ी, विश्वनाथ, सोनितपुर और अरुणाचल प्रदेश की जनता की वर्षों पूरानी मांग पूरी हो सके ।